भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
राष्ट्रीय मुख्यालय

पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16 महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली - 110002

वेबसाइट : www.bsgindia.org ईमेल आईडी : info@bsgindia.org दूरभाष : +91-11-23370724,23378667

प्रति,

समस्त राज्य सचिव,

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ,

भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : **63/2020**

दिनांक : 16 मई, **2020**

विषय :—गूगल फॉर्म में बीएसजी कोविड—19 योद्धाओं के रुप में युवाओं को पंजीकृत करने की समय सीमा का विस्तार।

सन्दर्भ :— (1) राष्ट्रीय मुख्यालय परिपत्र संख्या—52/2020 दिनॉक—29.04.2020।
(2) राष्ट्रीय मुख्यालय परिपत्र संख्या—61/2020 दिनॉक—09.05.2020।

महोदय/महोदया,

आपका ध्यान राष्ट्रीय मुख्यालय परिपत्र संख्या—52/2020 दिनॉक—29.04.2020 एवं परिपत्र संख्या—61/2020 दिनॉक—09.05.2020 की ओर आकर्षित कराना है जिसमें समस्त राज्य संघों से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के युवाओं को **बीएसजी कोविड—19 योद्धाओं के रुप में गूगल फॉर्म** में पंजीकृत करने हेतु **'अपील'** की गई थी **जिसके लिए** https://forms.gle/kx888UFUPREsxiSi9 **लिंक साझा किया गया** था। यह भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के युवा सदस्यों को भारत सरकार की कोविड—19 योद्धाओं की सूची में उजागर करने हेतु युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के आदेशानुसार हैं।

उपरोक्त को देखते हुए, दिये गये लिंक https://forms.gle/kx888UFUPREsxiSi9 में पंजीकरण **की अवधि को अब 25 मई, 2020 तक बढ़ा दिया गया है।**

हम एक बार पुनः सभी राज्य संघों से निवेदन एवं **'अपील'** करते हैं कि इस विषय को राज्य मुख्यालयों द्वारा इस निर्देश के साथ जमीनी स्तर तक प्रसारित किया जाये कि 16 से 25 वर्ष की आयु के सभी युवा (स्काउट्स एवं गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स तथा वयस्क नेता) अपने आपको दिये गये लिंक में तुरन्त पंजीकृत करें जिससे कि हमारे युवाओं के नामों को भारत सरकार की कोविड योद्धाओं की सूची में पंजीकृत करने हेतु मंत्रालय को प्रस्तुत किया जा सके। यह हमें देश में संगठन की दृश्यता को और अधिक प्रभावी बनाने में सक्षम बनायेगा।

हम इस सम्बन्ध में आपके सहयोग हेतु अनुरोध करते है कि इस विषय को **"सर्वोच्च—प्राथमिकता"** के रुप में रखते हुए अधिक से अधिक युवाओं को दिये गये लिंक में पंजीकृत कराना सुनिश्चित करें।

साभिवादन,

भवदीय

(राज कुमार कौशिक)
निदेशक

प्रतिलिपि प्रस्तुतः— माननीय मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2. अध्यक्ष / सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. जिला सचिव, जमीयत यूथ क्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।
4. समस्त सहायक निदेशक, भारत स्काउ्स एवं गाइड्स, क्षेत्रीय मुख्यालयों को अनुसरण हेतु।